**एमएमपीएफ -001**

**मास्टर ऑफ़ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA) / मास्टर ऑफ़ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन (ऑनलाइन) MBA(OL) / मास्टर ऑफ़ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन (फ़ाइनेंशियल मैनेजमेंट) (MBAFM) / पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन फ़ाइनेंशियल मैनेजमेंट (PGDIFM)**

**सत्रीय कार्य**

**2026-2027**

**जुलाई 2026 और जनवरी 2027 सत्र**

# एमएमपीएफ -001: कार्यशील पूंजी प्रबंधन

**(सत्रीय कार्य को जमा करने के लिए जुलाई 2026 सत्र के लिए अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2026 है और जनवरी 2027 के लिए 30 अप्रैल 2027 है )**


प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली –1100 68

## सत्रीय कार्य

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **एमएमपीफ -001** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **कार्यशील पूंजी प्रबंधन** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | **:** | **एमएमपीफ -001/टी. एम. ए./ जुलाई /2026-27** |

**नोट: सभी प्रश्नों का उत्तर दीजिए तथा यह सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को जमा कीजिए। जुलाई 2026 सत्र हेतु अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2026 तथा जनवरी 2027 सत्र हेतु 30 अप्रैल 2027 है।**

1. कार्यशील पूंजी के निर्धारण के विभिन्न उपागमों (Approaches) की व्याख्या कीजिए। यदि आप एक नए उद्यमी हों, तो तीन व्यापक उपागमों में से किसे अपनाना पसंद करेंगे और क्यों? अपने उत्तर का औचित्य प्रस्तुत कीजिए।

2. अल्फा लिमिटेड की वार्षिक बिक्री ₹50 लाख है तथा वर्तमान में वह अपने विक्रेताओं को 30 दिनों का ऋण प्रदान कर रही है। यह अनुभव किया गया है कि यदि विक्रेता अधिक मात्रा में भंडार रखने के इच्छुक हों तो बिक्री में वृद्धि हो सकती है, किंतु उन्हें अपने भंडार के वित्तपोषण में कठिनाई हो रही है। इसलिए कंपनी अपनी ऋण नीति में परिवर्तन पर विचार कर रही है। उपलब्ध निम्नलिखित सूचनाओं के आधार पर निर्धारित कीजिए कि कंपनी को कौन-सी नीति अपनानी चाहिए—

| **ऋण नीति** | **औसत वसूली अवधि** | **वार्षिक बिक्री (₹ लाख में)** |
|---|---|---|
| P | 45 days | 56 |
| Q | 60 days | 60 |
| R | 75 days | 62 |
| S | 90 days | 63 |

वर्तमान औसत वसूली अवधि 30 दिन है।
**लागत संबंधी सूचनाएँ :**
परिवर्ती लागत बिक्री का 80 प्रतिशत है।
स्थिर लागत ₹6 लाख प्रतिवर्ष है।
निवेश पर अपेक्षित (कर-पूर्व) प्रतिफल 20 प्रतिशत है।
साथ ही, निर्णय लेते समय आपके द्वारा की गई मान्यताओं का भी उल्लेख कीजिए।

3. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) द्वारा डिबेंचरों को इक्विटी में परिवर्तित करने के संबंध में जारी दिशा-निर्देशों की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।

4. इस पाठ्यक्रम की इकाई 15 में दिए गए 'मारुति सुज़ुकी इंडिया लिमिटेड (MSIL) में भंडार प्रबंधन' (Inventory Management in Maruti Suzuki India Limited) नामक अध्ययन-प्रकरण का अध्ययन कीजिए तथा प्रकरण के अंत में दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।